## एक नजर में



### तेजादशमी पर 40 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**उज्जैन।** श्री राम मंदिर एवं तेजाजी मंदिर निर्माण समिति एवं समस्त ग्रामवासी खंडोदा द्वारा रक्तवाहिनी रक्तयोद्धा सेवा संस्था के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन तेजाजी मंदिर खंडोदा पर रखा गया। यह रक्त थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से पीड़ित रोगी के कल्याण लिए आरडी गार्डी ब्लड बैंक द्वारा संग्रहित किया गया। ग्राम समिति ने बताया कि तेजाजी ने गौ माता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण रक्त बहाकर गौ माता की रक्षा की। उनके सेवा, समर्पण, त्याग, बलिदान, रक्षा का इतिहास हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। इसी प्रेरणा के साथ तेजाजी दशमी के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 40 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया और रक्तवाहिनी रक्तयोद्धा सेवा संस्था ने रक्तदान के लिए अन्य लोगो को जागरूक कर रक्तदान के लिए आग्रह किया।

### त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रुम के सभाकक्ष में मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर, अपर आयुक्त नगर निगम संतोष टैगोर, एडीशनल एसपी जीपी पाराशर, नीतेश भार्गव, सीएसपी कोतवाली राहुल देशमुख, एसडीएम पवन बारिया, एसडीएम कृतिका भीमावद, एलएन गर्ग संबंधित विभागों के अधिकारीगण और समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आगामी दिनों में आने वाले प्रमुख त्यौहारों के बारे में जानकारी दी गई। समिति के सदस्यों ने बैठक में सुझाव दिए कि मिलाद उन नबी पर निकलने वाले जुलुस मार्ग का दुरुस्तीकरण करवाया जाए। साथ ही वहां रोशनी और साफ सफाई की व्यवस्था की जाए। प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए स्थलों पर ही मूर्तियों का विसर्जन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। बड़ी मूर्तियों के विसर्जन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शहर में ई-रिक्शा चालकों के द्वारा अनिश्चित स्थानों पर पार्किंग करने के कारण यातायात व्यवस्था बाधित होती है। अत: इसके लिए उचित व्यवस्था बनाई जाए ,साथ ही ई-रिक्शा चालकों को ड्रेस कोड और बेज प्रदाय किए जाएं। चामुंडा चौराहे पर बस चालकों के द्वारा अनिश्चित स्थानों पर बसों को रोक कर सवारियों को बैठाया जाता है। इस कारण से यातायात व्यवस्था बाधित होती है और वहां जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। आगामी श्राध्द पर्व को देखते हुए सिध्दवट और गयाकोटा तीर्थ पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सभी सदस्यों को आगामी पर्वों की शुभकामनाएं दीं और समिति के सदस्यों के द्वारा दिए गए सुझावों पर यथोचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### बाढ़ पीड़ितों हेतु धनराशि एकत्रित करना प्रारंभ

**उज्जैन।** श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने बताया कि पंजाब सहित देश के अन्य राज्यों में हाल ही में आई भयंकर बाढ़ से बहुत से लोग प्रभावित हुए हैं। अनेक परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है और कई लोग बेघर एवं पीड़ित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में हम सबका कर्तव्य है कि प्रभावित भाई-बहनों की सहायता हेतु श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी के समक्ष हाज़िरी भर के वाहिगुरू जी से अरदास करें। इसलिए गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई उज्जैन में आज 3 सितंबर बुधवार, को प्रात: 10 बजे सामूहिक अरदास का आयोजन किया जा रहा है। इस अरदास में हम सभी श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी के दरबार में विनती करेंगे कि वह प्रभावित लोगों को हिम्मत, धैर्य एवं साहस प्रदान करें और उन्हें शीघ्र ही इस संकट से उभारें। उन्होंने कहा कि सभी संगत से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सामूहिक अरदास में शामिल होकर अपनी सहभागिता देने की कृपा करें। इकबाल सिंह गांधी के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ितों सहायतार्थ सिख समाज जन ने आगे बढ़कर स्व:प्रेरणा से धनराशि एकत्रित करने कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस हेतु छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी राशि एकत्रित करने का करने का लक्ष्य रखा गया है। सिख समाज के वरिष्ठ डॉ. बीएस मक्तड़ द्वारा स्वप्रेरणा से 25 हजार की धनराशि भेंट कर एकत्रित करने का कार्य का शुभारंभ किया। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक घाट के बाबा त्रिलोचन सिंह सरपंच, इकबाल सिंह गांधी, चरणजीत सिंह कालरा, पुरुषोत्तम सिंह चावला, आत्मा सिंह बिग, कुलदीप कोर सलूजा, मस्तान छाबड़ा, राजा कालरा, नीलम कालरा ने समाज जन से निवेदन किया गया है कि वे बाढ़ पीड़ितों के के सहायतार्थ धन राशि एकत्रित करने में सहयोग करें। इस अवसर पर लंदन, स्कॉटलैंड एवं बेलफास्ट के एक महीने की विदेश यात्रा प्रवास पर सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एसएस नारंग ने भी स्वेच्छा से धन राशि भेंट की। उनकी प्रेरणा से बेलफास्ट के सिख परिवारों ने भी धनराशि एकत्रित करने का अभियान चलाया है।

### आज निकलेगी स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा

**उज्जैन।** नारायणा धाम से पश्चिम दिशा में 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता के साक्षी अवंतिका के गिरिराज श्री स्वर्णगिरी पर्वत की परिक्रमा ग्राम चिरमिया स्थित मुखारविंद से प्रतिमाह अनुसार इस माह भी देव झूलनी एकादशी के पावन पर्व पर 3 सितंबर बुधवार को प्रात: 9 बजे प्रारंभ होगी। इस बार परिक्रमा में श्री श्री 1008 श्री सतीनंदगिरी मां महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा उज्जैन भक्तों के साथ परिक्रमा में सम्मिलित होंगे। प्रात: 9 बजे भगवान स्वर्णगिरी महाराज के मुखारविंद पर दुग्धाभिषेक एवं महाआरती होगी। तत्पश्चात परिक्रमा आरंभ होगी। परिक्रमा श्री वीर हनुमान मंदिर, आक्याधांगा श्री बालाजी धाम महू श्रीकृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुन: स्वर्णगिरी धाम ग्राम चरणमया चिरमिया पहुंच कर पूर्ण होगी। इस बार विशेष यह है कि देव झुलनी एकादशी होने के कारण भगवान बालकृष्ण को किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर अपनी गोदी में उठाकर पर्वत की परिक्रमा करेंगे एवं उन्हें प्रथम झूला झुलायेंगे। परिक्रमा में पधारने वाले श्रद्धालु भी अपने घर से बाल गोपाल को साथ लेकर परिक्रमा करेंगे। स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा का पौराणिक महत्व यह है कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा उज्जैन सांदीपनि आश्रम की परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु माता के आदेश अनुसार इसी पर्वत पर लकड़ियां लेने आए थे इनके चरण पड़ने के कारण यह स्वर्ण के हो गए थे इस कारण इन्हें स्वर्णगिरी कहते हैं। भगवान श्री कृष्ण की चरणरज इस पर्वत में समाहित हैं। इस धार्मिक महत्व के चलते हैं संतजन और भक्तजन इस पर्वत की परिक्रमा करते हैं। नारायणा से 3 किमी की दूरी पर पश्चिम दिशा में स्थित चिरमिया गांव में इस पर्वत का मुखारबिंद है। श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आयोजन में पधारने का अनुरोध किया है।

### तौमाई रोबोट सर्जरी प्रारंभ

**उज्जैन।** कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल भारत में लेकर आया आधुनिकतम तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम। इसे लाकर अस्पताल ने रोबोटिक सर्जरी प्रोग्राम को मज़बूत किया है और मरीज़ों की देखभाल को उन्नत किया है। मुंबई कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने आज तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम शुरू करने की घोषणा की है। यह उन्नत सर्जिकल सिस्टम भारत में पहली बार स्थापन की जा रही है। रोबोटिक्स और सटीक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत के अग्रणी संस्थान के रूप में इस हॉस्पिटल का स्थान अब और अधिक मज़बूत हुआ है। साथ ही टेक्नोलॉजी में प्रगति को न केवल अपनाने बल्कि उसका नेतृत्व करने और भारतीय मरीज़ विश्वस्तरीय नवाचारों से लाभान्वित हों यह सुनिश्चित करने के उनके दृष्टिकोण की भी पुष्टि हुई है। तौमाई एंडोस्कोपिक मल्टी-पोर्ट सर्जिकल सिस्टम बेजोड़ सुरक्षा, लचीलापन और सटीकता प्रदान करने वाला दुनिया भर में नवाजा जा रहा रोबोटिक नवाचार है। विज़ुअलाइज़ेशन, ट्रेमर-फ़िल्टर किए गए कलाई उपकरणों और अत्यधिक अनुकूलनीय मल्टी-आर्म तकनीक जैसी उन्नत सुविधाओं के साथ, यह सिस्टम कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में उपलब्ध न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी में एक नए मानक का प्रतिनिधित्व करता है।

## गाय ने महिला का पैर तोड़ दिया तो पार्षद ने दो पशु बाड़े तुड़वा दिए

### दूसरे वार्डों के रहवासी भी पार्षद से कर रहे ऐसी ही मांग, मांग : आवारा पशु और कुत्तों से निजात दिलाए



**उज्जैन। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद से ही डॉग प्रेमी और आम जनता आमने-सामने है। धरना प्रदर्शन आंदोलन जहां डॉग प्रेमी कर रहे हैं, वहीं मारने वाली गाय से भी अब खतरा उत्पन्न होने लगा है। कई सारी हिंसक घटनाएं सामने आ रही है। मंगलवार को पीपली नाका क्षेत्र में भी एक गाय ने एक महिला का पैर तोड़ दिया उसके बाद क्षेत्रीय पार्षद हेमंत गेहलोत ने दो पशु बड़े तुड़वा दिए।**

नवभारत से चर्चा में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद हेमंत गेहलोत भूरू ने बताया कि पीपली नाका क्षेत्र में गुमानदेव हनुमान मंदिर के समीप और एक अन्य पशु बाड़े पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई है। एक महिला का पैर गाय ने तोड़ दिया महिला को गंभीर चोट आई है और उनका इलाज करवाया गया। इसके बाद नगर निगम ने पशु बाड़े तोड़े हैं। बाड़े शाहिद पिता बाबू खा (गुमानदेव मंदिर के पीछे) और पंकज पिता रामप्रसाद चौहान (पीपली नाका) के बताए जा रहे हैं। विदित हो कि शहर के सिंधी कॉलोनी से लेकर नीलगंगा तिराहे तक आवारा मवेशियों का जमावड़ा आसानी से देखा जा सकता है। बता दें कि सिंधी कॉलोनी में अस्थायी सब्जी शाम के समय लग जाती है। जहां पर गायों का जमावड़ा लग जाता है और आने जाने वाले वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

#### नगर निगम की चली जेसीबी

नगर पालिक निगम उज्जैन ने मंगलवार को अवैध पशु बाड़ों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। गुमानदेव हनुमान मंदिर के पीछे और कुचेरा भैरु पीपली नाका क्षेत्र में बनाए गए दो अवैध बाड़े निगम की टीम ने हटाए। नगर निगम ने जेसीबी के माध्यम से पशु बाड़ों को हटाया। आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर उपायुक्त संजेश गुप्ता के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में निगम की रिमूवल गैंग ने मौके पर पहुंचकर अवैध बाड़ों को तोड़ा और कुल 22 पशुओं को पकड़कर हिरासत में लिया। पार्षद हेमंत गहलोत की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई। पार्षद ने बताया कि वार्ड में आवारा पशुओं के कारण लगातार घटनाएं हो रही थीं, जिससे स्थानीय लोग परेशान थे।

## 13 सितम्बर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**उज्जैन।** शासन निर्देशानुसार 13 सितम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम के समस्त झोन कार्यालयों में किया जाएगा। जिसमें करदाता अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करा कर दी जा रही विशेष छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

आयुक्त नगर निगम द्वारा आम करदाताओं की सुविधा के लिये समस्त झोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत अन्तर्गत सम्पत्ति कर जमा कराए जाने के क्रम में विशेष व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं। करदाता संपत्ति कर संबंधित झोन कार्यालय में एवं जलकर चामुंडा माता चौराहे पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय मे जमा करा सकेंगे। नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक तथा एक लाख रुपये तक है, उनमें 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रुपये से अधिक बकाया है, उसमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। जल कर, उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ऐसे प्रकरण, जिसमें जल कर, उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है, में अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, राजस्व विभाग प्रभारी रजत मेहता एवं जलकार्य एवं सीवरेज प्रभारी प्रकाश शर्मा ने शहर के सम्मानीय करदाताओं से अपील की है कि ऐसे करदाता जिन्होंने अभी तक अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा नहीं कराया है वे नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करते हुए अपना बकाया कर जमा करा करें।

## एसबीआई बैंक से 2 करोड़ के आभूषण चोरी

### कैमरे में दिखे बदमाश, ताले खोलकर दिया वारदात को अंजाम



**उज्जैन। एसबीआई बैंक में सोमवार-मंगलवार रात चोरी की बड़ी वारदात हो गई। बदमाश ताले खोलकर अंदर घुसे थे। चोरी का पता चलते ही एसपी, साइबर टीम और माधवनगर के साथ नानाखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। बदमाशों ने 2 करोड़ के आभूषण और 8 लाख से अधिक की राशि चोरी की है।**

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि महानंदा नगर में एसबीआई बैंक की ब्रांच है। मंगलवार सुबह सफाई कर्मी और बैंक मैनेजर पहुंचे तो ताले खुले होना सामने आए। अंदर पहुंचने पर लॉकर में रख दो करोड़ के आभूषण और 8 लाख रुपए गायब थे। चोरी की सूचना पुलिस को मिली तो जांच के लिए मौके पर पहुंचे। जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया था उससे अंदेशा हुआ कि चोरी में बैंक से ही जुड़े किसी बदमाश का हाथ हो सकता है। इसका पता लगाने के लिए पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा। बैंक में हुई चोरी के बाद सामने आया कि लॉकर में रखें आभूषण गोल्ड लोन लेने वालों के थे। रिहाइशी इलाके में बनी एसबीआई बैंक की शाखा में चोरी का पता चलते ही आसपास के लोग भी हैरत में पड़ गए थे।

#### रात 2 .30 बजे आए थे दो बदमाश

चोरी के बाद बदमाशों का पता लगाने के लिए पुलिस ने बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे तो बैंक के सामने एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दो बदमाश दिखाई दिए। दोनों पैदल रात 2.20 बजे पहुंचे थे और दीवार खुद कर अंदर पहुंचे। करीब 2 घंटे तक बदमाश बैंक के अंदर रहे और वारदात को अंजाम देकर बड़ी आसानी के साथ फरार हो गए। बताया जा रहा है कि फुटेज मिलने के बाद दोनों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस को सुराग मिल चुका है। एक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

#### बैंक में लगे सीसीटीवी थे बंद

एसबीआई बैंक में कुछ दिन पहले आगजनी की घटना हुई थी, जिसके चलते वहां इलेक्ट्रिक लाइन में काफी नुकसान हुआ था और इलेक्ट्रिक वायर जल गए थे जिसके चलते बैंक में लगे कैमरे बंद थे। आगजनी के बाद बैंक को ग्राउंड फ्लोर से प्रथम मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया था। बदमाशों को बैंक की पूरी जानकारी थी जिसके चलते उन्होंने ताले खोलकर वारदात को अंजाम दिया।

## आपसी विवाद में संजय नगर में युवक की चाकू मारकर हत्या

**उज्जैन।** आपसी विवाद में मंगलवार शाम एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। चाकू मारने वालों की तलाश की जा रही है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के संजय नगर में रहने वाला गोलू पिता फूलचंद पवारिया 40 वर्ष मजदूरी करता था। देर शाम उसे खून से लाथपथ हालत में चरक अस्पताल लाया गया उसके गले में चाकू का गहरा घाव था। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। चाकू बाजी में युवक की मौत होने की खबर पुलिस को मिली तो संजय नगर पहुंची जहां सामने आया कि गोलू पर चाकू से हमला सागर और संतोष ने किया है। चाकू मारने वाले रिश्तेदार ही हैं। हमला करने के बाद दोनों भाग निकले थे वहीं उनके परिवार भी घर छोड़कर चला गया था। पुलिस द्वारा दोनों हमलावरों की तलाश की जा रही है। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था और सुबह से नशा कर गाली गलौज कर रहा था। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान और जांच के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### बुधवारिया पर आज होगा रंगारंग कार्यक्रम

**उज्जैन।** गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है और हमारे शहर उज्जैन में भी गणेश उत्सव का उत्साह दिखाई दे रहा है। इसी तारतम्य में संस्था मित्र मंडल बुधवारिया यूथ क्लब द्वारा विराजित। 27 फिट प्रतिमा जो कि मल्हारी स्वरूप में विराजित है और इसी उपलक्ष्य में आज तेजा दशमी के महापर्व पर महा आरती एवं महाप्रसाद आतिशबाजी, इवेंट्स शो जिस में 5 क्विंटल साबूदाने खिचड़ी, खीर, गुलाब जामुन, फ्रूट कस्टर्ड, राज भोग, का आयोजन रखा गया है।

## क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बनकर महिला से 5 लाख वसूलने वाले गिरफ्तार

**उज्जैन।** क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बनकर महिला से 5 लाख रुपए वसूलने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक युवती भी शामिल है। तीनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

बिरलाग्राम थाना पुलिस ने बताया कि नानाखेड़ा बसंत विहार कॉलोनी में रहने वाली सरोज पिता कुंदन लाल माली 50 साल अपनी बहन के घर आई थी। इस दौरान उनके मोबाइल पर कॉल आया और खुद को क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बताते हुए जेल भेजना और नागदा से गिरफ्तार करने की धमकी दी। कॉल करने वाली महिला थी। सरोज माली घबरा गई उन्होंने गिरफ्तारी का कारण पूछा तो वन्य जीवों की तस्करी करना बताया। कॉल करने वाली महिला ने गिरफ्तारी से बचने के लिए रूपयो की मांग की। महिला इंस्पेक्टर ने अपने आरक्षक को घर भेजने के लिए कहा जिसे रुपए देने की बात कही। दूसरे दिन सरोज भी की बहन के यहां पुलिस कर्मी बनकर एक व्यक्ति पहुंचा और 5 लाख 9 हजार रुपए नगद लेकर चला गया। पूरा मामला 12 अगस्त से 14 अगस्त के बीच का था। सरोज जी को बाद में अपने साथ धोखाधड़ी का आभास हुआ तो मामले की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने कॉल करने वाली महिला का नंबर ट्रेस किया और रतलाम के नेहरू नगर से युक्ति बैरागी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने दो साथी बलराम जाट और राजेश उर्फ राज जात के साथ मिलकर महिला को डिजिटल अरेस्ट करते हुए रुपए वसूलना की बात कबूल कर ली। पुलिस ने महिला आरोपियां की निशानदेही पर ग्राम गुणावद में रहने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से वसूली गई राशि में से 2 लाख 89 हजार रुपए नगद और तीन मोबाइल बरामद किया है। तीनों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

#### पिता पहुंचे तो फंदे पर लटका मिला पुत्र

उज्जैन। मंगलवार सुबह युवक ने रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। पिता पहुंचे तो पुत्र लटका हुआ दिखाई दिया। परिवार और आसपास के लोगों को बुलाया युवक को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विजयगंज मंडी स्थित ग्राम दत्तोर का रहने वाला धर्मेंद्र पिता गोविंद पाटीदार खेती किसानी का काम करता था। मंगलवार सुबह नींद से जागने के बाद चाय पी और समीप बना रहे मकान पर चला गया। काफी देर तक नहीं लौटा तो पिता उसे बुलाने के लिए पहुंचे। जहां धर्मेंद्र रस्सी के फंदे पर लटका दिखाई दिया। फंदे से उतरकर निजी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस निजी अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र एक बच्चे का पिता था और घर में कोई परेशानी नहीं थी उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस के अनुसार घटनाक्रम विजयगंज मंडी पुलिस चौकी का है। मर्ग डायरी जांच के लिए भेजी जाएगी।

## प्रेस क्लब पर एडीजी, आईजी , डीआईजी व भाजपा के शहर अध्यक्ष अग्रवाल ने किया पूजन व आरती



**उज्जैन।** दस दिवसीय गणेशोत्सव के अवसर पर प्रेस क्लब तरणताल कोठी रोड प्रेस क्लब भवन पर गणेशोत्सव के अंतर्गत स्थापित भगवान गणेश जी की प्रतिमा पर एडीजी, आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु प्रसाद पाराशर, भाजपा शहर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के द्वारा पूजा अर्चना की जाकर महाआरती की गई। तत्पश्चात प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा का मोतियों की माला एवं महाकाल बाबा का अंग वस्त्र ओढ़ाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। पूजन व आरती के दौरान चार दर्जन से अधिक पत्रकार गण शामिल थे।

**दर्शन पर याचिका** — इंदौर हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, फिलहाल समिति बाहर से ही कराएगी दर्शन

## महाकाल मंदिर के गर्भगृह में किसे प्रवेश देना है इसका निर्णय कलेक्टर करेंगे

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के गर्भगृह में किसे प्रवेश मिलेगा और किसे नहीं इसका निर्णय सिर्फ उज्जैन कलेक्टर ही करेंगे। इंदौर हाईकोर्ट ने मंदिर में वीआईपी दर्शन को लेकर लगाई जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद इस संबंध में स्पष्ट फैसला सुनाते हुए यह बात कही है।

इसलिए फिलहाल तो महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं को तो प्रवेश नहीं मिल सकेगा। हाईकोर्ट ने गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगाने व वीआईपी श्रद्धालुओं को विशेष रूप से अनुमति देकर अंदर से दर्शन कराने के मामले में उज्जैन कलेक्टर के आदेश को सही ठहराया है। कोर्ट ने साफ कहा कि गर्भगृह में किसे प्रवेश दे सकते हैं, किसे नहीं इसका फैसला सिर्फ कलेक्टर ही करेंगे। इसे लेकर मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारियों का कहना है कि कोर्ट के इस फैसले के बाद फिलहाल गर्भगृह में प्रवेश की पुरानी व्यवस्था को ही लागू रहने दिया जाएगा। आम श्रद्धालुओं को बाहर से ही दर्शन कराए जाएंगे। इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ता दर्पण अवस्थी ने अपने वकील चर्चित शास्त्री के जरिए महाकाल मंदिर की वर्तमान दर्शन व्यवस्था के खिलाफ इंदौर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि देशभर से आने वाले आम श्रद्धालुओं को मंदिर में गर्भगृह में प्रवेश नहीं दिया जाता है, जबकि प्रभावशाली और अमीर श्रद्धालुओं को आसानी से प्रवेश मिल जाता है। इसमें नेता, अभिनेता, उद्योगपति और बड़े यजमान शामिल होते हैं। लेकिन एक आम श्रद्धालु के साथ यह भेदभाव है। इंदौर हाईकोर्ट ने 28 अगस्त 2025 को इस मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 1 सितंबर 2025 को कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि मंदिर की दर्शन व्यवस्था को लेकर कलेक्टर जिम्मेदार है और वे ही इसे लेकर कोई निर्णय ले सकते हैं। इसमें कोर्ट दखलअंदाजी नहीं करेगा। याचिकाकर्ता के वकील चर्चित शास्त्री ने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक याचिका नहीं, बल्कि लाखों महाकाल भक्तों की आस्था का सवाल है। हम इस मामले को दोबारा कोर्ट के सामने रखेंगे।

#### तेजा दशमी पर श्रद्धालुओं ने चढ़ाई छतरियां

तेजा दशमी पर मंगलवार को उज्जैन में स्थित तेजाजी महाराज के मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़े व पूजन कर रंगीन छतरियां चढ़ाई। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कई श्रद्धालु तो मन्नतें पूरी होने पर ढोल-ढमाकों के साथ समूह में पहुंचे। पुराने शहर में बुधवारिया स्थित चेरिटेबल हॉस्पीटल व फ्रीगंज में दमदमा स्थित मंदिर में निशान के रूप में छतरियां चढ़ाने वालों की भीड़ लगी रही। नीलगंगा रोड पर कवेलू कारखाने के सामने स्थित तेजाजी मंदिर में भी लोग पहुंचे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने भक्तिभाव से तेजादशमी का पर्व मनाया और मन्नतधारियों ने छत्री निशान चढ़ाए।

#### ईद मिलादुन्नबी का जुलूस 5 को निकलेगा

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 5 सितंबर को जामा मस्जिद से मुस्लिम समाज का सुबह 9 बजे जुलूस निकलेगा। 6 सितंबर को सीरत कमेटी द्वारा टंकी चौक पर जलसे का आयोजन किया जाएगा। जुलूस केडी गेट, कमरी मार्ग, पटनी बाजार, गुदरी, लोहे का पुल, तोपखाना, मदारगेट, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कंठाल, तेलीवाड़ा, मिर्जा नईम बेग मार्ग, छत्रीचौक होते हुए वापस जामा मस्जिद पर खत्म होगा। 6 सितंबर को जलसे में अल्लामा सलमान नईमी सा दाहोद गुजरात तशरीफ लाएंगे। शहर काजी खलीकुर्रहमान ने समाजजनों से जुलूस एवं जलसे में शामिल होने की अपील की है।